# लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ0प्र0)

वेबसाईट–https://lmc.up.nic.in एवं ई–मेल nnlko@up.nic.in

## अल्पकालिक निविदा सूचना

संख्याः 345 / मु0अ0 / 2025–26 दिनांकः 16 / 01 / 2026

नगर निगम लखनऊ द्वारा वास्तुविद फर्म के चयन हेतु 30/01/2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 29/01/2026 तक अपरान्हन 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 30/1/2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को उसी तिथि को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी0एस0टी0 | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमनगर वार्ड के अन्तर्गत खसरा सं0–1083 खाली पड़ी भूमि पर अवस्थापना विकास निधि से सामुदायिक भवन बनवाये जाने हेतु ड्राईंग डिजाईन इत्यादि तैयार कराये जाने के लिए वास्तुविद के चयन के सम्बन्ध मे। | 3,70,035.00 | 37,004.00 | 15 दिन | 370.00 | 67.00 | 437.00 |

**शर्तेः–**

1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)
2. शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्याः– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0व्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिषत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिषत प्रति प्रतिषत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
3. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
4. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
5. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।
6. विगत 05 (पांच) वर्षो में समान प्रकृति के किये गये कार्यों का अनुभव संलग्न किया जाना आवश्यक होगा।

मुख्य अभियन्ता

प्रतिलिपि :–

1– मा0 महापौर महोदया को सादर सूचनार्थ।
2– मण्डलायुक्त महोदया, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी महोदय।
4– नगर आयुक्त महोदय।
5– अपर नगर आयुक्त।
6– अधिशासी अभियन्ता को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा सूचना का सत्यापन कर ले।
7– प्रभारी अधिकारी प्रचार विज्ञापन कराने हेतु।
8– नोटिसबोर्ड।

16/1/26

मुख्य अभियन्ता